## -:प्रेस नोट:-

दिनांक- 28.02.2026

# कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

❖ **थाना गिरवां क्षेत्रांतर्गत दिनांक 24/25.02.2026 की रात्रि कोलावल रायपुर खदान गिरवां में व्यक्ति की गोली मारकर हत्या करने वाले अभियुक्त को थाना गिरवां व एसओजी की संयुक्त टीम द्वारा किया गया गिरफ्तार । अभियुक्त के कब्जे से घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल बरामद ।**

**विवरण**- पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के कुशल निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाए जाने, वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी तथा अवैध शस्त्रों के संग्रहण, निर्माण व बिक्री करने वालों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 28.02.2026 को थाना गिरवां पुलिस व एसओजी की संयुक्त टीम द्वारा दिनांक 24/25.02.2026 की रात्रि को कोलावल रायपुर खदान गिरवां में व्यक्ति की गोली मारकर हत्या करने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। अभियुक्त के कब्जे से घटना में प्रयुक्त अवैध तमंचा व कारतूस बरामद किया गया है। गौरतलब है कि दिनांक 25.02.2026 को जनपद महोबा के थाना खन्ना क्षेत्र निवासी मृतक के परिजनों द्वारा थाना गिरवां पर तहरीर देकर सूचना दी गई थी कि उसके पुत्र की हत्या कर दी गई है। सूचना पर प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना गिरवां पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्त की तलाश की जा रही थी। इसी क्रम में थाना गिरवां व एसओजी की संयुक्त टीम द्वारा तकनीकी साक्ष्यों,भौतिक सत्यापन व मुखबिर की सूचना पर आज दिनांक 28.02.2026 अभियुक्त को स्योढा पुल थाना गिरवां से गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में अभियुक्त द्वारा अपना जुर्म स्वीकार करते हुये बताया कि पूर्व में हुई एक दुर्घटना को लेकर उसकी मृतक के मध्य पुरानी रंजिश चली आ रही थी। उसी रंजिश के चलते उक्त घटना को योजनाबद्ध तरीके से अंजाम दिया। अभियुक्त की निशाहदेही पर घटना में प्रयुक्त अवैध तमंचा, खोखा व जिंदा कारतूस बरामद किया गया है।

**बरामदगी-**

- 01 अदद अवैध तमंचा 315 बोर (घटना में प्रयुक्त )
- 01 अदद् खोखा कारतूस (घटना में प्रयुक्त )
- 01 अदद् जिन्दा कारतूस

**गिरफ्तार अभियुक्त-**

1. मोहित पुत्र नवल किशोर निवासी ग्राम टीहर थाना बिवारे जनपद हमीरपुर।

**पंजीकृत अभियोग-**

- मु0अ0सं0 69/26 धारा 103/(1) बीएनएस व बढोत्तरी धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना गिरवां जनपद बांदा।

**गिरफ्तार करने वाली टीम-**

1. प्रभारी निरीक्षक गिरवां श्री सुरेश कुमार सैनी
2. प्रभारी एसओजी श्री आनन्द कुमार
3. उ0नि0 श्री सतीशचन्द्र
4. उ0नि0 श्री दिलीप कुमार
5. हे0कां0 गोकुलेश मिश्रा, हे0कां0 अश्विनी प्रताप सिंह, हे0कां0 संदीप कुमार, हे0कां आशीष शर्मा, कां0 गजेन्द्र राजपूत, कां0 प्रतीक कुमार, कां0 अमित त्रिपाठी, कां0 मनीष कुमार, कां0 कमल सिंह